प्रभात खबर

Bokaro News : चीरा चास : नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

बोकारो, चीरा चास थाना की टीम ने बुधवार को क्षेत्र के नंदुआ स्थान में अवैध तरीके से नकली विदेशी शराब तैयार कर पैकिंग व रेपिंग करने वाली अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. स्थल से 535 बोतल नकली विदेशी शराब, 11 जरकिन स्पिरिट के साथ शराब बनाने वाली सामग्री वह पैकिंग के लिए रखे कार्टून को भी जब्त किया. थाना प्रभारी चंदन दुबे को सूचना मिली कि नंदुआ स्थान में अवैध विदेशी शराब बनाकर रखा जा रहा है और बेचने की तैयारी की जा रही है. श्री दुबे ने सूचना वरीय पदाधिकारी को देकर एक विशेष टीम का गठन किया. टीम का नेतृत्व चंदन दुबे खुद कर रहे थे.

Source:
https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/bokaro/bokaro-news-chira-chas-fake-foreign-liquor-factory-busted/amp